'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 01, अंक 185 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए गुरुवार ,26 सितंबर, 2024 samachargate@gmail.com



## फरीदाबाद में सीएम सैनी की उपस्थिति में जजपा के दर्जनभर नेताओं ने ज्वाइन की भाजपा

**अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा व जजपा नेता ठाकुर उमेश भाटी अपने दर्जन भर से ज्यादा साथियों के साथ हुए भाजपा में शामिल**

**जनता जर्नादन के आशीर्वाद से 8 अक्टूबर को हरियाणा में कमल खिलेगा, तीसरी बार बीजेपी की सरकार बनेगी : मोहन लाल बड़ौली**



समाचार गेट/नसीर यादव

फरीदाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की नीतियों से प्रभावित होकर लगातार दूसरी पार्टियों के लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं। चुनाव के समय में भाजपा लगातार मजबूत हो रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की उपस्थिति में फरीदाबाद में ठाकुर उमेश भाटी, प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा व जजपा नेता के नेतृत्व में जजपा के दर्जन से भी ज्यादा लोगों ने भाजपा ज्वाइन की। मुख्यमंत्री ने सभी लोगों को पार्टी का पटका पहनाकर भाजपा में स्वागत किया।

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी व जजपा से प्रदेश प्रवक्ता ठाकुर उमेश भाटी के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा गगन सिसोदिया, चेयरमैन शैक्षिक संघ, जिला उपाध्यक्ष गोपाल चौहान, जिला महामंत्री अवदेश भदोरिया, जिला सचिव दिनेश परिहार, हरिओम जादोन, आशीष राजपूत, भानुप्रिया, जिला उपाध्यक्ष पवन भाटी, रंजन सिंह, जिला सचिव मंजय सिंह, जिला उपाध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिकरवार, आईटीजेजेपी अखिलेश यादव, हिमांशु ने भाजपा में आस्था जताई। ठाकुर उमेश भाटी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को विश्वास दिलाया कि विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों को जिताने के लिए पूरी मेहनत करेंगे।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास पर चलने वाली पार्टी है। अन्य पार्टियों के नेता भी पार्टी की नीतियों से लगातार प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी को जॉइन कर रहे हैं, यही कारण है कि आज भारतीय जनता पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और कार्यकर्ताओं की मेहनत पर लगातार चुनाव जीत रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 10 वर्षों में देश और प्रदेश को विकसित होने की राह पर तेजी से आगे बढ़ाया है।

मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश मजबूत और सुरक्षित हुआ है। गरीब, युवा, महिला और किसान हित में भाजपा की डबल इंजन सरकार ने अनेकों योजनाएं बनाकर उन्हें सशक्त करने का काम किया है। श्री बड़ौली ने कहा कि भाजपा हरियाणा एक, हरियाणवी एक के मंत्र पर काम करते हुए सभी को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में माहौल भाजपा के पक्ष में और हरियाणा की जनता जनार्दन ने भाजपा की तीसरी बार सरकार बनाने का मन बना लिया है। श्री बड़ौली ने कहा कि जनता जर्नादन के आशीर्वाद से 8 अक्टूबर को हरियाणा में कमल खिलेगा और तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी।

## मोदी जी आज करेंगे हरियाणा के 4 लाख बूथ कार्यकर्ताओं के साथ संवाद

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी 26 सितंबर दोपहर 12:30 बजे 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत हरियाणा के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं, और समर्थकों के साथ संवाद करेंगे और विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत हासिल करने के लिए कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगे ।'मेरा बूथ सबसे मजबूत' इंटरैक्टिव सत्र से पहले मोदी जी ने नमो ऐप के माध्यम कार्यकर्ताओं के से सवाल और सुझाव मांगे हैं और कार्यक्रम के माध्यम से कार्यकर्ताओं के सवालों के जवाब देंगे । फरीदाबाद के सभी बूथ कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में पंजीकरण करा चुके हैं और 26 सितंबर के 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' इंटरैक्टिव सत्र में भाग लेकर मोदी जी के ओजस्वी भाषण को सुनेंगे और विधानसभा चुनाव में एक नई ऊर्जा के साथ उतरेंगे । हरियाणा विधानसभा चुनाव में हमारे कार्यकर्ता हर बूथ पर कमल खिलाने का संकल्प ले चुके हैं और 5 अक्टूबर को हरियाणा में तीसरी बार कमल खिलाने का कार्य करेंगे। भाजपा जिला कार्यालय अटल कमल पर भाजपा फरीदाबाद के जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा के नेतृत्व में



भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एकात्म मानववाद और अन्त्योदय के प्रणेता, जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयन्ती को उनके चित्र पर पुष्पांजलि कर अपनी भावांजलि अर्पित की । भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने फरीदाबाद के अलग अलग मंडलों में आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन दर्शन और उनके विचारों को कार्यकर्ताओं के सामने रखा । भाजपा जिला फरीदाबाद के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने फरीदाबाद के सभी बूथों पर कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय को स्मरण करते हुए माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये । इस अवसर पर जिला प्रभारी नरेन्द्र वत्स, जिला प्रवासी सह प्रभारी विनोद कठिहार,जिला महामंत्री मनोज वशिष्ठ, सुरेन्द्र जांगड़ा , जिला उपाध्यक्ष पंकज रामपाल, जिला सचिव पंकज सिक्ल, खेड़ी मंडल अध्यक्ष राकेश शर्मा, भाजयुमो जिला अध्यक्ष शोभित अरोड़ा, संदीप शर्मा,संदीप चाहर, प्रकाश चौधरी, अखिलेश डबराल,सचेत जैन, जिला सचिन गुप्ता, विशाल, रवि गोयल, लोकेश गोयल व अन्य कार्यकर्ता उपस्तिथ रहे।

श्री वोहरा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी जी और प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की विचारधारा पर चल देश के गरीबों, पिछड़ों, शोषितों, युवा, महिला और किसान के हित में लगातार कार्यरत हैं और देश के हर व्यक्ति का विकास कर उनको सशक्त करने का कार्य कर रहे हैं ।इस अवसर पर श्री वोहरा ने आह्वान किया कि भाजपा के समर्थक इस नंबर 8800002024 पर मिस कॉल कर भाजपा के सदस्यता अभियान में भाग लें और भाजपा के सदस्य बनें।

## भाजपा ने 10 वर्षों में कांग्रेस राज के 65 वर्षों से तीन गुणा अधिक काम करके दिखाया है : नितिन गड़करी

समाचार गेट ब्यूरो

गुरुग्राम। केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गड़करी ने बुधवार को गुरुग्राम से भाजपा प्रत्याशी मुकेश शर्मा के समर्थन में जन आशीर्वाद रैली को संबोधित किया। श्री गड़करी ने कहा कि यह चुनाव हरियाणा की जनता के भविष्य का फैसला करने वाला चुनाव है, इसलिए भाजपा की सरकार बनाकर प्रदेश के विकास को रफ्तार देने में सहयोग करें।



कांग्रेस को घेरते हुए श्री गड़करी ने कहा कि कांग्रेस ने 60 से 65 वर्ष शासन करने मौका मिला। इन 65 वर्षों में जितना विकास होना चाहिए था कांग्रेस की सरकारों ने नहीं किया। गड़करी ने कहा कि भाजपा ने 10 वर्षों में कांग्रेस से तीन गुणा काम करके दिखाया है।

नितिन गड़करी ने कहा कि दिल्ली जयपुर हाइवे को लेकर मुझे भी तकलीफ होती है। दिल्ली-जयपुर हाइवे आज जिस हालात में है इसका पाप कांग्रेस पार्टी ने किया है। कांग्रेस ने एक ऐसे कांट्रैक्टर को काम करने का टेंडर दिया जो काम को छोड़कर भाग गया और साथ ही 9 बैंकों को डूबा गया। उन्होंने कहा कि दिल्ली जयपुर हाइवे का काम दिसम्बर तक पूरा हो जाएगा और हम लोगों की तकलीफ को दूर करेंगे।

श्री गड़करी ने कहा कि गुरुग्राम, दिल्ली व एनसीआर के विकास के लिए मेरे विभाग ने ही 65 हजार करोड़ रुपये के काम किए हैं। पैरीफिरियल रोड के बारे में बोलते हुए गड़करी ने कहा कि इसका मामला कोर्ट में अटक गया था, लेकिन काफी प्रयास के बाद हमने 12 हजार करोड़ खर्च करके इसे पूरा किया है। उन्होंने कहा कि 2024 तक दो लाख करोड़ के काम हरियाणा में होने हैं। नितिन गड़करी ने कहा कि गुरुग्राम से पटौदी रोड का काम 2025 तक पूरा हो जाएगा। इस फोर लाइन रोड पर 1600 करोड़ रुपये का खर्च आया है। यह सड़क मार्ग द्वारका एक्सप्रेस-वे और केएमपी से भी जुड़ेगा और यातायात सुगम होगा। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि राव साहब गुरुग्राम के विकास के लिए काफी प्रयासरत हैं। जो भी काम राव इंद्रजीत सिंह ने बोले हैं उन्हें मैंने पूरा किया है।

नितिन गड़करी ने कहा कि भाजपा सरकार ने दिल्ली को बदला है, गुरुग्राम को बदला है और यातायात को सुगम किया है। उन्होंने कहा कि हम जाति, पंथ, भाषा और सम्प्रदाय की बात नहीं करते, हम विकास की बात करते हैं। देश में आर्थिक समानता, सामाजिक समानता आनी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विकास को जो मंत्र दिया है हम उसी के तहत काम कर रहे हैं।

नितिन गड़करी ने कहा कि मैंने अपना पूरा जीवन किसानों के कल्याण के लिए समर्पित किया है। देश से गरीबी दूर होनी चाहिए इसके लिए मोदी सरकार गरीब कल्याण के अनेकों काम योजनाबद्ध तरीके से कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति वाला देश बनने जा रहा है। हमारी सरकार ने देश और प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया है। 50 लाख करोड़ का काम हो चुका है। हमने देश को इम्पोर्ट करने वाला नहीं, एक्सपोर्ट करने वाला देश बनाना है। भाजपा सरकार का लक्ष्य स्मार्ट गांव बनाना है यही हमारी विकसित भारत की संकल्पना है।

नितिन गड़करी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में 10 सालों में जो काम हुए हैं वह तो ट्रेलर है, असली खेल अभी शुरू होना बाकी है। उन्होंने जनता से मुकेश शर्मा को जिताने की अपील करते हुए कहा कि गुरुग्राम के विकास के लिए भाजपा प्रत्याशी को जिताकर विधानसभा में भेजें।

इससे पहले रैली को केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 10 वर्षों में गुरुग्राम की तकदीर और तस्वीर को बदला है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी का भी गुरुग्राम के विकास में काफी योगदान है। मैंने आज तक जो मांगे गड़करी जी के सामने रखी हैं उन्हें पूरा किया है। रैली में जिला अध्यक्ष कमल यादव, प्रदेश सचिव सचिव गार्गी कक्कड़, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी, संदीप जोशी आदि मौजूद रहे।

## गोहाना रैली से जाट लैंड को साध गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा की चुनावी पिच हुई मजबूत

**मंच पर प्रधानमंत्री मोदी के साथ रोहतक, सोनीपत और पानीपत के 22 प्रत्याशी मौजूद रहे**



समाचार गेट ब्यूरो

चंडीगढ़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गोहाना में जन आशीर्वाद रैली करके रोहतक, सोनीपत लोकसभा की 18 और पानीपत जिले की 4 विधानसभाओं सहित 22 सीटों को एक साथ साध गए। इस रैली से भाजपा जाट लैंड में सेंध लगाने में कामयाब रही। प्रधानमंत्री की रैली ने जीटी रोड बेल्ट के समीकरण बदल दिए हैं। इस रैली का असर सिर्फ 22 विधानसभाओं पर ही नहीं, बल्कि प्रदेश की सभी विधानसभाओं में दिखने वाला है। रैली में जिस तरह नरेन्द्र मोदी ने दलितों पर अत्याचार, नौकरी बेचने, किसानों को लूटने, भ्रष्टाचार और धारा-370 के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरा है, उससे हुड्डा और पूरी कांग्रेस पार्टी में खलबली मच गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गोहाना रैली से समीकरण भाजपा के पक्ष में बनते हुए नजर आ रहे हैं। जाट लैंड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली किस तरह हरियाणा की सियासत को पलट सकती है, इसका जीता जागता उदाहरण 2019 में पूरे हरियाणा ने देखा था। 2019 में प्रधानमंत्री की एक रैली ने जाट लैंड से हुड्डा परिवार के अभेद किले को एक झटके से ढहा दिया था। उस समय कांग्रेस तिनके की तरह बिखर गई थी, भूपेंद्र हुड्डा और उनके बेटे दीपेंद्र हुड्डा को पहली बार बुरी तरह पराजित होने के बाद घर बैठना पड़ा था। नरेंद्र मोदी की ऐतिहासिक रैली ने जाट लैंड में कमल खिला दिए थे और पिता-पुत्र 5 साल तक बनवास चले गए थे।

जाट लैंड में बुधवार को हुई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली ने एक बार फिर कांग्रेस में खलबली मचा दी है। एक साथ 22 भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाने का संकल्प लेकर प्रधानमंत्री ने तीन जिलों में कांग्रेस के प्रत्याशियों की हवा टाइट कर दी है। रोहतक, सोनीपत और पानीपत में जो कांग्रेस प्रत्याशी अपनी जीत का दावा कर रहे थे, उन्हें अब भाजपा के प्रत्याशी शक्तिशाली योद्धा की तरह नजर आ रहे हैं। प्रधानमंत्री की रैली से भाजपा के प्रत्याशियों में नई ऊर्जा और जीतने का संकल्प दिखाई दे रहा है।

## भाजपा किसान प्रकोष्ठ प्रभारी संतोष शर्मा ने दिया नगेंद्र भड़ाना को समर्थन

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। भारतीय जनता पार्टी किसान प्रकोष्ठ एनआईटी 86 विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी पंडित संतोष शर्मा ने आज एनआईटी 86 क्षेत्र से इनेलो-बसपा प्रत्याशी नगेंद्र भड़ाना के जनसंपर्क अभियान के तहत पंडित प्रापर्टी वाली गली जवाहर कालोनी में आयोजित कार्यक्रम में अपने सैकड़ों साथियों के साथ भाजपा को अलविदा करते हुए नगेंद्र भड़ाना के नेतृत्व में इनेलो पार्टी का दामन थाम लिया।

इस मौके बसपा-इनेलो प्रत्याशी नगेंद्र भड़ाना ने भाजपा छोड़कर आए पंडित संतोष शर्मा व उनके साथियों को इनेलो का पटका डालकर व फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया और उन्हें विधिवत पार्टी में शामिल करवाया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में भाजपा छोड़कर आए संतोष शर्मा ने कहा कि एनआईटी विधानसभा क्षेत्र से इनेलो-बसपा के संयुक्त प्रत्याशी नगेंद्र भड़ाना सरल, सहज व सौम्य स्वभाव के धनी हैं, उनके व्यक्तित्व से प्रभावित होकर उन्होंने अपने सैकड़ों साथियों के साथ भाजपा



छोड़कर उक्त चुनाव में नगेंद्र भड़ाना को समर्थन देने का ऐलान किया है। संतोष शर्मा ने कहा कि उनके सभी साथी पूरी मेहनत और लग्न से इस चुनाव में नगेंद्र भड़ाना को जिताने के लिए काम करेंगे तथा उनके क्षेत्र से प्रत्येक वोट उनके चुनाव चिन्ह चश्मे पर ही लगेगी।

## उमेश भाटी ने जेजेपी छोड़ भाजपा का दामन थामा, कार्यकर्ताओं संग हुए शामिल

**उमेश भाटी और उनके समर्थकों की भाजपा में वापसी, सीएम नायब सैनी, राजकुमार वोहरा और राजेश नागर की मौजूदगी में हुई सदस्यता ग्रहण**

**मुख्यमंत्री नायब सैनी ने उमेश भाटी को भाजपा में दिया मान-सम्मान का आश्वासन, तिगांव में रैली के दौरान राजकुमार वोहरा और राजेश नागर के समक्ष वापसी**

समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। भाजपा पार्टी में एक और बड़ी सियासी हलचल तब देखने को मिली जब जेजेपी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर उमेश भाटी ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा का दामन थाम लिया। तिगांव विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी राजेश नागर द्वारा आयोजित भव्य रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा की उपस्थिति में उमेश भाटी ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर हरियाणा के मुख्यमंत्री ने उमेश भाटी को भाजपा का पटका पहनाकर उनका स्वागत किया और आश्वासन दिया कि उन्हें और उनके कार्यकर्ताओं को पार्टी में पूरा मान-



सम्मान दिया जाएगा। उमेश भाटी ने कहा कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से मेरा रिश्ता बचपन से ही रहा है।25 साल तक भाजपा से जुड़ा रहा, लेकिन कुछ परिस्थितियों के कारण मुझे पार्टी छोड़नी पड़ी। हालांकि, मोदी जी और भाजपा की देशहित की नीतियों ने मुझे फिर से भाजपा का दामन थामने के लिए प्रेरित किया। मैं अपने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पार्टी के लिए पूरी निष्ठा से काम करूंगा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उमेश भाटी की भाजपा में वापसी का स्वागत करते हुए कहा, उमेश भाटी का भाजपा में लौटना हमारे संगठन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कई सालों तक निष्ठा और समर्पण से विभिन्न जिम्मेदारियों को निभाया है, और अब उनकी वापसी से पार्टी और मजबूत होगी। भाजपा में उन्हें और उनके कार्यकर्ताओं को पूरा सम्मान मिलेगा। उमेश भाटी के अनुभव और नेतृत्व से तिगांव क्षेत्र में भाजपा को बड़ी सफलता मिलेगी। गौरतलब है कि उमेश भाटी भाजपा के पुराने नेताओं में से एक रहे हैं, लेकिन बीच में उन्होंने इनेलो और फिर जजपा पार्टी का दामन थामा था। जजपा में रहते हुए उन्होंने प्रदेश प्रवक्ता के रूप में अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया। हालांकि, भाजपा और जजपा के गठबंधन में रहते हुए भी उनका झुकाव हमेशा भाजपा की ओर रहा। गठबंधन टूटने के बाद पार्टी हाईकमान द्वारा अनदेखी किए जाने के चलते उमेश भाटी और उनके समर्थकों को निराशा हाथ लगी, और अंततः उन्होंने भाजपा में वापसी का निर्णय लिया।

भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने इस मौके पर उमेश को पटका पहनाया और कहा कि उनके पास संगठन का व्यापक अनुभव है, और उनकी वापसी से तिगांव क्षेत्र में पार्टी और अधिक मजबूत होगी। उमेश भाटी जैसे अनुभवी नेताओं का समर्थन भाजपा के लिए आगामी चुनावों में निर्णायक साबित होगा।

रैली में उमेश भाटी के साथ गगन सिसोदिया, मास्टर लाखन सिंह, गोपाल चौहान, पवन भाटी, अवदेश भदोरिया, दिनेश परिहार, हरिओम जादोन, रितिक राजपूत, आशीष राजपूत, भानु प्रिया, पुनीत भाटी, रंजन सिंह, अखिलेश यादव, हिमांशु, मनोज भदोरिया, अनिल दीक्षित और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थामते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

इस मौके पर भाजपा के नेता और कार्यकर्ता उत्साह से भरपूर नजर आए, और उमेश भाटी की भाजपा में वापसी को एक बड़ी राजनीतिक उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

# कांग्रेस ने नौकरियों के नाम पर मचाई थी लूट : मूलचंद शर्मा

## भाजपा के राज में देश की सीमाएं सुरक्षित है : बाल योगी महंत उमेश नाथ महाराज

**कांग्रेस ने अपने राज में प्रदेश में किया था जमकर भ्रष्टाचार**

**कांग्रेस ने पढ़े लिखे युवाओं को बना दिया था बेरोजगार**



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**बल्लभगढ़।** उज्जैन मध्यप्रदेश से राज्यसभा सांसद महंत बालयोगी उमेश नाथ महाराज बल्लभगढ़ सेक्टर 3 की हुडा मार्केट में भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा के पक्ष में वोट की अपील के लिए पहुंचे। उन्होंने कहा कि भाजपा का सदस्यता अभियान चला हुआ है और लगातार भाजपा का कुनबा बढ़ रहा है।

सांसद महंत बाल योगी उमेश नाथ महाराज ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में देश की सीमाएं सुरक्षित है, सनातन धर्म की सुरक्षा तय हुई है। उन्होंने कहा की सामाजिक समरसता भी बढ़ी है, जाति और पाती के नाम पर होने वाले झगड़े और दंगों पर विराम लगा है। इसलिए देश और प्रदेशों में भाजपा की सरकार बन रही है। उन्होंने बल्लभगढ़ की ऐतिहासिक धरा के निवासियों से अपील करते हुए कहा कि भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा को भारी मतों से जीता कर हरियाणा में भाजपा की सरकार बनाने में सहयोग करें।

भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा ने भी महंत बाल योगी उमेश नाथ महाराज जी का बल्लभगढ़ की धरा पर पहुंचने पर स्वागत किया ,उन्होंने कहा कि भाजपा ने विकास किया है और आगे भी प्रदेश का विकास कराने के लिए संकल्परत है। भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा ने सेक्टर तीन व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा विकास का नाम है और आज बल्लभगढ़ के साथ साथ पूरे हरियाणा में भी चौमुखी विकास हुआ है।

मूलचंद शर्मा ने विकास कार्यो को गिनवाते हुए कहा कि बल्लभगढ़ में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की सोच को रखते हुए काम किया गया। उन्होंने कहा कि 10 साल के कार्यकाल में जनहित की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का काम किया है तो दूसरी तरफ कांग्रेस ने इस देश को सोमनाथ के मंदिर की तरह लूटने का काम किया था पढ़े-लिखे युवाओं को बेरोजगार करने का काम किया था ,मूलचंद शर्मा ने कहा कांग्रेस के राज में नौकरियों की बोली लगती थी आज का युवा पढ़ा लिखा है योग्यता के आधार पर नौकरियां उन्हें मिल रही है जो भाजपा की देन है योग्यता के आधार पर नौकरी देने की विचारधारा को अन्य प्रदेशों में भी अपनाया जा रहा है। इसलिए हरियाणा प्रदेश का युवा ही नहीं बल्कि सभी 36 बिरादरी भाजपा के साथ है। मूलचंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार फैलाने वाले लोगों को भाजपा सरकार ने जेल में भेजने का काम किया और पढ़े-लिखे बच्चों को मेरिट के आधार पर नौकरियां देने का काम किया था। भाजपा प्रत्याशी मूलचंद शर्मा ने आज सेक्टर 65, सेक्टर 2,सेक्टर 3 हुड्डा मार्केट सेक्टर 24 ,विष्णु कॉलोनी ,उदासीन आश्रम ,गुर्जर चौक, भीमसेन कॉलोनी ,जैन कॉलोनी ,विजय नगर और सेक्टर 64 का दौरा कर लोगों से वोट की अपील की।

# फत्तूपुरा में भाजपा प्रत्याशी राजेश नागर को एकतरफा समर्थन



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** तिगांव विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी राजेश नागर को गांव फत्तूपुरा में एकतरफा समर्थन प्राप्त हुआ है। यहां लोगों ने कहा कि नागर ने पिछले दस साल पूरे क्षेत्र की जमकर सेवा की है जिसका फल उन्हें जोरदार जीत से देंगे।

यहां फत्तूपुरा पहुंचने पर गांव की सरदारी ने राजेश नागर का पगड़ी पहनाकर जोरदार स्वागत किया। नागर ने सभी का आभार जताकर पांच अक्तूबर को वोट देने की अपील की। नागर ने कहा कि आज हरियाणा में हमारी सरकार बनते देखकर दूसरे दलों के नेताओं में भाजपा में शामिल हो रहे हैं। हम आपके सहयोग से हरियाणा में पूर्ण बहुमत की भाजपा सरकार बनाने जा रहे हैं लेकिन विपक्ष आपको झूठे और आईटी सेल की झूठी कहानियां पढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि दस साल के भाजपा सरकार के कार्यकाल में हरियाणा में करीब डेढ़ लाख नौकरियां लगाई गई हैं जो पिछली कांग्रेस सरकार के दस साल के कार्यकाल से करीब दोगुनी है। इसमें सबसे बड़ी बात है कि सभी नौकरियां बिना खर्ची बिना पर्ची के लगी हैं। जबकि पिछली सरकारों में नौकरियों की बोली लगती थी और नेताओं के चहेतों की नौकरियां लगती रही हैं। आज प्रदेश के बच्चे योग्यता के आधार पर नौकरियां पा रहे हैं। हम अपने अगले कार्यकाल में भी दो लाख नौकरियां बिना पर्ची बिना खर्ची लगाएंगे। उन्होंने लोगों से कहा कि तीसरी बार भाजपा सरकार बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के हाथ मजबूत करें। इस अवसर पर बल्ली भाई फत्तूपुरा राजपाल सरपंच, समर वीर बाबूजी, महावीर थानेदार, जगबीर अधाना, जतन महाशय, जिला पार्षद संदीप भाटी, सरपंच सिडोला अजीत, कबूलपुर सरपंच रतन एडवोकेट, संत राज चंदीला, सुनील नागर, जसाना सरपंच मनोहर, राजेश बेसोया, बॉक्सर हरीश छावडी, नेत्रपाल तोमर, दिनेश भाटी, बेगराज अधाना, उम्मेद सरपंच, प्रेम सिंह मेंबर, कृष्ण नागर, सतपाल नरवत खेड़ी, हरिओम वत्स, राजू नरवत खेड़ी, महेंद्र नरवत खेड़ी, जोगी सरपंच खेड़ी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# कांग्रेस सरकार बनने पर बडखल क्षेत्र के विकास को लगेंगे नए पंख : विजय प्रताप

## कांग्रेस प्रत्याशी का जगह-जगह हुआ जोरदार स्वागत, मिला अपार जनसमर्थन



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** बडखल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विजय प्रताप सिंह ने कहा कि चौ. भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में हरियाणा में कांग्रेस सरकार आने वाली है और लोग बदलाव की ओर देख रहे हैं। कांग्रेस सरकार बनने पर एक बार फिर बडखल विधानसभा में विकास को नए पंख लगेंगे। उन्होंने कहा कि हम सभी एकजुट होकर बडखल विधानसभा क्षेत्र को विकास के मामले में सही मायनों में स्मार्ट बनाएंगे। यह बातें विजय प्रताप ने बुधवार को चार्मवुड विलेज, एसजीएम नगर ए ब्लॉक, ग्रीनफील्ड कॉलोनी, एनआईटी 1, बडखल तहसील, बी ब्लॉक पूर्व महापौर कार्यालय, एनआईटी 2 बाल्मीकि बस्ती एवं एनआईटी 2 जे ब्लॉक में जनसभाओं को सम्बोधित करते हुए कहीं। सभी जगह विजय प्रताप का फूल-मालाओं एवं बुके देकर जोरदार स्वागत किया गया। जनसभाओं में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी विजय प्रताप सिंह ने कहा कि न्यू इंडस्ट्रीयल टाउन जिसने फरीदाबाद की पहचान न केवल हरियाणा में बनाई बल्कि पूरे एशिया में पहचान बनाई। चौ. भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के शासनकाल में न्यू इंडस्ट्रीयल टाउन में विकास की नई रूपरेखा रची गई और सभी जगह सडकों का जाल बिछाया गया। लेकिन, भाजपा के दस साल में पूरे न्यू इंडस्ट्रीयल टाउन की सडकें टूटी हुई हैं, सीवर का पानी सडकों पर बह रहा है। शहर में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। शहर के लोग सीवर का पानी पीने को मजबूर हैं। ऐसे हालात भाजपा ने शहर के कर दिए हैं। विजय प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा ने न केवल सामाजिक ताना-बाना बिगाड़ा बल्कि हमारी धार्मिक आस्था का प्रतीक हमारे शहर की आन-बान-शान दशहरा पर्व को भी राजनीति की भेंट चढ़ा दिया, लेकिन दशहरा से पहले कांग्रेस सरकार बनने जा रही है और पहले की तरह धूम-धड़ाके से दशहरा पर्व शहर की धार्मिक-सामाजिक संस्थाएं ही मनाएंगी।

# भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार में विकास से महरूम रहा तिगांव क्षेत्र : ललित नागर

## पंचायती उम्मीदवार ने जनसंपर्क के दौरान भाजपा पर लगाया विकास की अनदेखी का आरोप



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** तिगांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं पंचायती उम्मीदवार ललित नागर ने आज अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान भाजपा विधायक के विकास की पोल खोलते हुए कहा कि पिछले चुनावों में उन्होंने जनता से यह कहकर वोट मांगे कि विधायक बनने पर वह तिगांव क्षेत्र को विकास के मामले में चंडीगढ़ बना देंगे, लेकिन पांच सालों में ट्रिपल इंजन की सरकार होते हुए तिगांव चंडीगढ़ तो नहीं बना परंतु यह क्षेत्र अपनी बदहाली पर आंसू जरुर बहा रहा है। आज ग्रामीण आंचल की सडक़ों की बात करे तो चीरसी से महमूदपुर, तिगांव से भुआपुर, तिगांव-नीमका, तिगांव-बदरौला, प्रहलादपुर-कौराली-फज्जूपुर की सडक़ें सहित कई सडक़ेंजर्जर हालत में है, यहां से हजारों लोग प्रतिदिन आवागमन करते है परंतु विधायक महोदय इन सडक़ों को दुरूस्त नहीं करवा पाए। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि भाजपा के विकास के झूठे वायदे करने वाले लोगों के बहकावे में न आए और आपकी सेवा में तत्पर अपने इस बेटे को भारी मतों से जिताकर विधानसभा भेजने का काम करें ताकि तिगांव का सही मायनों में विकास किया जा सके। श्री नागर आज गांव चीरसी, सदपुरा, बदरौला, प्रहलादपुर सहित कई गांवों में जनसंपर्क कर सभाओं को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान गांवों में पहुंचने पर गांव की फिरनी से ही उन्हें ढोल नगाड़ों और डीजे के साथ युवा ब्रिगेड उन्हें घोड़े बिठाकर सभा स्थल तक लाए, जहां गांव की मौजिज सरदारी ने सम्मानरूपी पगड़ी बांधते हुए उन्हें विजयीश्री का आर्शीवाद दिया। इस दौरान नागर ने कहा कि जिस व्यक्ति ने पांच सालों तक क्षेत्र में विकास के नाम पर कुछ नहीं किया, ऐसे व्यक्ति को दोबारा विधायक चुनने की गलती न करे बल्कि ऐसे मजबूत उम्मीदवार को चुनकर विधानसभा में भेजे जो उनके क्षेत्र की आवाज को पुरजोर तरीके से विधानसभा में उठाएं और उनके सुख-दुख में अपनी भागेदारी निभाएं। इसलिए इस बार आप मुझे अपना मतरुपी आर्शीवाद देकर विजयी बनाएं, मैं तिगांव क्षेत्र के विकास और आपके मान सम्मान में कभी कोई नहीं आने दूंगा।

# कांग्रेस सरकार बनने पर पृथला क्षेत्र का विकास भी होगा शहरी तर्ज पर : रघुबीर तेवतिया

**पृथला के राजपूत बाहुल्य गांव छांयसा में कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में उमडा जनसैलाब, दिया जीत का आर्शीवाद**



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** पृथला विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक रघुबीर सिंह तेवतिया के चुनावी अभियान को आज बुधवार को अपने चुनावी अभियान में उस समय बडी कामयाबी मिली जब क्षेत्र के राजपूत बाहुल्य गांव छांयसा में जबरदस्त समर्थन मिला। इस मौके पर एक बडी समर्थन सभा का आयोजन कर लोगों द्वारा उनका जहां फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया वहीं पगडी बांधकर व शक्ति रूपक तलवार भेंट कर अपने समर्थन का ऐलान कर विजयी आर्शीवाद भी दिया। वहीं उन्हें सभास्थल तक हजारों लोगों की मौजूदगी में एक विशाल जलूस के साथ लाया गया जहां रास्ते में दोनों तरफ जेसीबी लगाकर काफिले पर पुष्पवर्षा की गई जो नजारा देखने लायक था। वहीं उन्होंने शाहजहांपुर, साहुपुरा खादर, दुल्लेपुर व मोठुका नंगला में आयोजित ग्रामीण समर्थन सभाओं को भी संबोधित कर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। पृथला क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी रघुबीर तेवतिया ने लोगों के भारी समर्थन से गदगद उपरस्थित लोगों को याद दिलाया कि जब 2009 से 14 तक वह पृथला के विधायक थे तो यहां के लोगों की मांग पर पैन्टून पुल को बनवाया था वहीं सडकों का जाल बिछाकर शमशान घाट को पक्का कराया तथा कम्यूनिटी सेंटर आदि सभी मागों को पूरा किया था तथा अब वह वादा करते हैं कि कांग्रेस सरकार बनने पर राजपूत समाज का मान-सम्मान बढाते हुए छांयसा के विकास में कोई कमी नहीं छोडेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश बदलाव की हवा आंधी का रूप लें चुकी है और और निश्चित तौर पर राज्य में कांग्रेस सरकार बनने जा रही हैं और अगर आप लोग चाहते हो कि पृथला क्षेत्र का विकास भी शहरी तर्ज पर हो तो उसके लिए इस क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी की भागेदारी होनी जरूरी है, आप मुझे जिताकर भेजो, पृथला के सर्वांगीण विकास और रोजगार की जिम्मेदारी मेरी होगी। हम सभी को साथ लेकर ऐसा पृथला बनाएंगे जो समूचे प्रदेश के लिए एक मिसाल बनकर उभरेगा।

# कांग्रेस दलित विरोधी पार्टी, दलितों का हमेशा किया शोषण : अशोक तंवर

## पूर्व सांसद ने भाजपा प्रत्यशी पं. टेकचंद शर्मा के समर्थन में मांगे वोट



**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक तंवर ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस दलित विरोधी पार्टी है और हमेशा से दलितों का शोषण करने का काम किया है। कांग्रेस पार्टी और उनके नेताओं ने दलित को हमेशा केवल अपना वोट बैंक समझा और झूठे वादे कर उनसे वोट लेने का काम किया। कांग्रेस में अपने दलित नेताओं का सम्मान नहीं, कांग्रेस दलित जनता का खाख सम्मान करेगी।

श्री तंवर बीती रात गांव खजूरका में पृथला विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी पं. टेकचंद शर्मा के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान श्री तंवर का पृथला की धरती पर पधारने पर पं. टेकचंद शर्मा के संयोजन में गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। अशोक तंवर ने सर्वप्रथम भारत के संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। अशोक तंवर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी नई ऊर्जा के साथ, नए संकल्प के साथ प्रदेश में चुनावी मैदान में हैं और भाजपा को जनता का भरपूर आशीर्वाद और समर्थन हर जगह मिल रहा है। हमारे प्रदेश के 2 करोड़ 80 लाख जो हरियाणा वासी हैं उनका भविष्य उज्जवल हो, भाजपा की यही एक लक्ष्य है । आज प्रदेश की जनता पूरी मजबूती के साथ भारतीय जनता पार्टी के साथ खडी है और तीसरी बार प्रदेश में भाजपा की सरकार बने, यह सुनिश्चित कर चुकी है।

उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी पं. टेकचंद शर्मा एक जुझारू और मेहनतकश नेता है इसलिए आप सभी की जिम्मेवारी बनती है कि आप इन्हें भारी मतों से जिताकर भेजे ताकि हरियाणा सरकार में इन्हें बड़ा नेता बनाया जा सके। इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी पं. टेकचंद शर्मा ने कहा कि अपने घोषणा पत्र में कांग्रेस सिर्फ वादों का झूठ परोसती है, वोट लेती है और बाद में भूल जाती है जबकि भाजपा अपने सारे संकल्पों को पूरा करती है । भाजपा ने 2014 में 287 वायदे पूरे किए, 2019 में फिर से 250 से ऊपर संकल्पों को पूरा कर जनता और प्रदेश का विकास किया । कांग्रेस के नेता तो सरेआम बोल चुके हैं की हम पहले अपना घर भरेंगे, अपनों को नौकरी देंगे फिर रिश्तेदारों का घर भरेंगे। देश के योग्य युवाओं की नौकरी छीनकर अपने रिश्तेदारों को देंगे। उन्होंने वह पिछले कई सालों से पृथला क्षेत्र की सेवा में समर्पित है और यहां की समस्याओं से भली भांति परिचित हैं और वह लोगों को विश्वास दिलाते है कि अगर आपने सेवा का अवसर दिया तो इस क्षेत्र को विकास के मामले में सबसे अव्वल क्षेत्र बनाने में कोई कोर कसर बाकि नहीं छोड़ेंगे।

# भाजपा की फिर से सरकार बनाए, बडखल के विकास को देंगे नई गति : धनेश अदलक्खा

## भाजपा प्रत्याशी ने तूफानी दौरे करके लोगों से की भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील

**समाचार गेट/संजय शर्मा**

**फरीदाबाद।** बडखल से भाजपा प्रत्याशी धनेश अदलक्खा ने आज अपने चुनावी अभियान के तहत एनआईटी-3 शिवाजी पार्क, तीन नंबर नेहरू कालोनी, एनआईटी नंबर पांच, एनआईटी एक नंबर ई ब्लाक आदि में तूफानी दौरे करके लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान जगह-जगह लोगों ने धनेश अदलक्खा का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया और उन्हें भारी मतों से विजयी बनाकर विधानसभा में भेजने का भरोसा दिलाया। सभाओं में उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी धनेश अदलक्खा ने कहा कि विकास का दूसरा नाम भारतीय जनता पार्टी है, 2014 से पहले का हरियाणा और आज का हरियाणा दोनों में जमीन आसमान का अंतर है, भाजपा सरकार में इस प्रदेश ने विकास की नई बुलंदियों को छूआ है। उन्होंने कहा कि बडखल क्षेत्र भी भाजपा सरकार में विकास से अछूता नहीं रहा, यहां भी विकास की अनेकों ऐसी परियोजनाएं क्रियान्वित हुई है, जिससे इस क्षेत्र के विकास को गति मिली है। उन्होंने कहा कि भाजपा



शीर्ष नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस विश्वास पर वह पूरी तरह से खरा उतरेंगे और छत्तीस बिरादरी को साथ लेकर बडखल क्षेत्र का समुचित विकास करेंगे।

श्री अदलक्खा ने कहा कि बडखल क्षेत्र में उन्हें पंजाबी समाज सहित सर्व समाज के लोगों का समर्थन मिल रहा है और वह इस क्षेत्र से बड़ी जीत दर्ज कर यह सीट भाजपा की झोली में डालने का काम करेंगे और उसके बाद बडखल विधानसभा क्षेत्र का योजनाबद्ध तरीके से विकास करवाया जाएगा। जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों ने धनेश अदलक्खा को विश्वास दिलाया कि बडखल में फिर से कमल खिलेगा और जनता उन्हें विजयी बनाकर चंडीगढ़ भेजने का काम करेगी। चुनावी सभाओं में भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा, निवर्तमान महापौर सुमन बाला, निवर्तमान पार्षद जसवंत सिंह, मनोज नासवा, भाजपा ओबीसी सैल के जिला महामंत्री प्रवीण चौधरी, संदीप कौर, साहिल अरोड़ा ने भी लोगों से धनेश अदलक्खा के पक्ष में भारी मतदान कर भाजपा को जिताने का आह्वान किया।



# तीन साल बाद फिर रोडीज को होस्ट करेंगे रणविजय सिंह

अभिनेता रणविजय सिंह रियलिटी शो रोडीज को साल 2003 से होस्ट कर रहे हैं। इस शो को करने के बाद रणविजय ने अपना शो बनाया। वे साल 2021 तक अपने इसी शो पर काम कर रहे थे। अपने शो को अलविदा कहने के तीन साल बाद अब रणविजय ने रोडीज के 20वें सीजन डबल क्रॉस में वापसी की है। वे अब फिर से रोडीज को होस्ट करने वाले हैं। एमटीवी के जारी प्रोमो में रणविजय लेदर जैकेट पहने और बाइक चलाते हुए नजर आ रहे हैं। प्रोमो में रणविजय कह रहे हैं, रोडीज बनेगा तू? रोडीज को अपना घर मानते हैं रणविजय शो में वापसी को लेकर रणविजय ने कहा, रोडीज केवल एक शो नहीं है। ये एक भावना और मेरा कंफर्ट जोन है। मेरा घर है। पिछले 20 सालों से ये लोगों के धैर्य, सपने और जुनून से जुड़ा हुआ है। ये एक प्लेटफार्म नहीं, बल्कि उससे ज्यादा है। इस देश के युवाओं के धैर्य, लक्ष्य को दर्शाता है। मैं इस शो का हिस्सा बनकर काफी खुश हूं। हमने रोडीज डबल क्रॉस में कुछ नया करने की कोशिश की है। मैं इस शो में काम करने के लिए बहुत उत्साहित हूं।

## रणविजय की जगह ये लोग कर चुके हैं होस्ट

रोडीज का नया सीजन को धोखे के आधार बनाकर बनाया गया है। इस शो में अब न केवल कंटेस्टेंट को दूसरी टीम के साथ अपनी टीम के लोगों से भी धोखे का सामना करना पड़ेगा। रोडीज के ऑडिशन इस साल अक्तूबर में शुरू होंगे। साल 2021 में जब रणविजय सिंह ने रोडीज छोड़ा तो हरभजन सिंह और विजेंद्र कुमार ने उनकी जगह ले ली थी। पिछले दो सीजन सोनू सूद ने रणविजय की जगह शो को होस्ट किया था। इन शोज में दिख चुके हैं रणविजय इसके अलावा रणविजय एमटीवी के स्प्लिटविला और स्टंटमानिया जैसे शो को भी होस्ट किया है। रणविजय फिल्मों में भी अपना हाथ आजमा चुके हैं। वे साल 2009 में सलमान खान और अजय देवगन के साथ फिल्म लंदन ड्रीम्स से नजर आ चुके हैं। इसके अलावा वे अक्षय कुमार और ऐश्वर्या राय बच्चन के साथ फिल्म एक्शन रिप्ले में भी दिखाई दिए थे। उन्होंने मोड़ और 3एम जैसी फिल्मों में भी काम किया है।





# ऐश्वर्या से लेकर आलिया तक, जान्हवी से पहले दक्षिण में जलवा बिखेर चुकी हैं ये बॉलीवुड अभिनेत्रियां

जान्हवी कपूर हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की उभरती हुई अदाकारा हैं। बेहद कम समय में उन्होंने दर्शकों के दिलों में अपनी खास जगह बना ली है। फिल्म दर फिल्म उनके अभिनय में भी गजब का सुधार देखने को मिल रहा है। वह जल्द ही तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में देवरा नाम की फिल्म से अपनी शुरुआत करने जा रही हैं। फैंस को उनकी इस फिल्म से काफी ज्यादा उम्मीदें हैं। जान्हवी से पहले कई बॉलीवुड अभिनेत्रियां दक्षिण भारतीय फिल्मों में काम कर चुकी हैं और उन्होंने सफलता के झंडे भी गाड़े हैं।

## ऐश्वर्या राय बच्चन

ऐश्वर्या राय की गिनती भारत की सबसे खूबसूरत महिलाओं में होती है। सुंदरता के साथ वह अपने अभिनय से भी दर्शकों के बीच काफी ज्यादा लोकप्रिय हैं। वह कई साउथ की सुपरहिट फिल्मों में अपने अभिनय क्षमता को प्रदर्शित कर चुकी हैं। कुछ समय पहले रिलीज हुई पीएस-1 और पीएस-2 में ऐश्वर्या ने दमदार अदाकारी दिखाई थी। वहीं, वह रजनीकांत की ब्लॉकबस्टर फिल्म रोबोट में भी दिख चुकी हैं।

## पूजा हेगड़े

पूजा हेगड़े हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की सबसे खूबसूरत अभिनेत्री में से एक हैं। दक्षिण भारत में भी उनकी अदाकारी को खूब पसंद किया जाता है। राम चरण के साथ रंगस्थलम, एनटीआर जूनियर के साथ अरविंद समेथा वीरा राघव, महेश बाबू के साथ महर्षि, अल्लू अर्जुन के साथ अला वैकुंठपुरमुलु और विजय के साथ बीस्ट में वह नजर आ चुकी हैं।



## आलिया भट्ट

आलिया भट्ट मौजूदा समय की सबसे शानदार अभिनेत्रियों में से एक हैं। बॉलीवुड में उन्होंने कई सुपरहिट फिल्में दी हैं। उनका साउथ डेब्यू भी शानदार रहा था। एस एस राजामौली की फिल्म आरआरआर में वह एक छोटी सी, लेकिन अहम भूमिका में दिखी थीं। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने कामयाबी के झंडे गाड़ दिए थे।

## तमन्ना भाटिया

इस सूची में तमन्ना भाटिया का नाम भी शामिल है। तमन्ना यूं तो बहुत सी दक्षिण भारतीय फिल्मों में काम कर चुकी हैं, लेकिन उनकी सबसे ज्यादा सफल फिल्म बाहुबली रही थी। एस एस राजामौली के निर्देशन में बनी इस फिल्म को हिंदी पट्टी में खूब प्यार मिला था।



# सूटकेस जैसी जिंदगी हो गई है, कोई ठिकाना नहीं...

टीवी अभिनेत्री दलजीत कौर इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर लगातार चर्चा में बनी हुई हैं। निखिल पटेल से अलग होने के बाद एक बार फिर अभिनेत्री विवादों में घिर गई हैं। अब हाल ही में, अभिनेत्री ने एक व्लॉग शेयर कर के अपना दुख जाहिर किया है और बताया है कि उनकी जिंदगी सूटकेस जैसी हो गई है। दलजीत ने कहा कि पति से अलग होने के बाद वह एक बार फिर से अपनी जिंदगी को वापस ट्रैक पर लाने की कोशिश कर रही हैं। अभिनेत्री ने यह भी बताया है कि वह महीनों से एक सूटकेस जैसी जिंदगी जी रही हैं, जिसका कोई ठिकाना नहीं है। दलजीत ने यह भी कहा है वह अब बेटे के साथ ट्रैवल करेंगी और इन सब से बाहर निकलेंगी।



# ये रिश्ता क्या कहलाता है से रातोंरात बाहर किए जाने पर बोलीं प्रतीक्षा

प्रतीक्षा होनमुखे इस समय श्रीति झा और अर्जित तनेजा स्टारर कैसे मुझे तुम मिल गए का हिस्सा हैं। अपने डेब्यू शो ये रिश्ता क्या कहलाता है से अचानक बाहर होने के बाद सुर्खियों में आई थीं। हालांकि प्रतीक्षा ने कभी इस बारे में बात नहीं की कि शो के सेट पर सच में क्या हुआ था, लेकिन ये रिश्ता क्या कहलाता है के निर्माता राजन शाही ने कई इंटरव्यू में इस बारे में बात की और कहा कि प्रतीक्षा उनकी उम्मीदों पर खरी नहीं उतर पाईं। आइए जानते हैं कि अब अभिनेत्री ने क्या कहा है। ये रिश्ता क्या कहलाता है से बाहर होने के दो महीने बाद प्रतीक्षा को शो में नेगेटिव लीड के तौर पर कैसे मुझे तुम मिल गए का मौका मिला। हालांकि अभिनेत्री अब शो में काफी अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं, टाइम्स ऑफ इंडिया के साथ हाल ही में एक इंटरव्यू में प्रतीक्षा ने बताया कि कैसे उन्होंने इस घटना के बाद खुद को संभाला और कैसे उनके माता-पिता ने उन्हें ठीक होने में मदद की। इस पूरी घटना के बारे में बात करते हुए प्रतीक्षा कहती हैं, यह मेरे लिए मुश्किल था क्योंकि ऐसी कई चीजें थीं, जिनके बारे में मैं बहुत ज्यादा सोच रही थी। मैंने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अपना करियर शुरू ही किया था। मैंने अपने सात साल के फ्लाइंग करियर को छोड़ दिया और जोखिम उठाया और फिर अचानक से यह सब हुआ, तो जाहिर तौर पर यह मुश्किल था। लेकिन फिर, जब आप अच्छे हो तो आपके साथ सब अच्छा होता है। प्रतीक्षा ने आगे कहा, ये रिश्ता के बाद भी जो कुछ भी हुआ, उस समय भी मुझे शो मिल रहे थे। मुझे दो शो ऑफर हुए लेकिन मैं उन शो को करने के लिए तैयार नहीं थी क्योंकि मानसिक रूप से मैं उस स्थिति में नहीं थी। इसलिए, जब यह शो आया, तो मैंने सोचा कि ठीक है, मतलब रोल भी लीड है तो क्यों नहीं? मैं बहुत खुश हूं कि मैंने यह फैसला लिया क्योंकि मैं यहां काम करके बहुत खुश हूं। यही नहीं, प्रतीक्षा ने शो से निकाले जाने के बाद के अनुभव को साझा करते हुए कहा, बात यह है कि मैंने लोगों को डिप्रेशन में जाते भी देखा है, क्योंकि मेरे साथ जो कुछ भी हुआ वह कोई छोटी बात नहीं थी, मेरा मतलब है कि हर कोई इसके बारे में बात कर रहा था। लेकिन मेरा परिवार मेरा साथ देने और मुझे प्रोत्साहित करने के लिए मौजूद था। वे मुझे बताते रहे कि मैंने कुछ भी गलत नहीं किया है।





# बैड न्यूज के बाद भी नहीं कम हो रहा तृप्ति डिमरी का धमाका, इस साल रिलीज होंगी ये तीन फिल्में

अभिनेत्री तृप्ति डिमरी इन दिनों काफी चर्चा में हैं। जुलाई में फिल्म बैड न्यूज की रिलीज के बाद उनकी कई फिल्में रिलीज होने की गिनती में हैं। तृप्ति डिमरी ने फिल्म कला, एनिमल में अपनी भूमिकाओं को लेकर सुर्खियां बटोरी थीं। इसके बाद से लगातार अपनी फिल्मों को लेकर तृप्ति चर्चा में हैं। इस साल ही तृप्ति डिमरी तीन फिल्मों धड़क 2, भूल भुलैया 3, विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में नजर आने वाली हैं।

## विक्की और विद्या का वो वाला वीडियो

विक्की और विद्या का वो वाला वीडियो का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म में तृप्ति को लीड रोल में रखा गया है। इस कॉमेडी-ड्रामा मूवी में तृप्ति डिमरी, राजकुमार राव, विजय राज, मल्लिका शेरावत और अर्चना पूरन सिंह हैं। मूवी 11 अक्तूबर को रिलीज हो रही है।

## धड़क 2

जान्हवी कपूर की धड़क का सीक्वल रिलीज होने वाला है। इस फिल्म में जान्हवी कपूर की जगह तृप्ति डिमरी नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में तृप्ति के साथ सिद्धांत चतुर्वेदी नजर आने वाले हैं। यह फिल्म सिनेमा घरों में 22 नवंबर 2024 को रिलीज होगी।

## भूल भुलैया 3

तृप्ति डिमरी इसी साल 1 नवंबर को अपनी फिल्म भूल भुलैया 3 में भी नजर आएंगी। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ उनको देखा जा सकता है। इस फिल्म के साथ ही सिंघम अगेन भी रिलीज होने वाली है।

## शाहिद कपूर के साथ काम करेंगी

तृप्ति डिमरी अभिनेता शाहिद कपूर के साथ एक और फिल्म साइन कर चुकी हैं। इस फिल्म की घोषणा 13 सितंबर को की थी। फिल्म के डायरेक्टर विशाल भारद्वाज होंगे।

## एनिमल पार्क

एनिमल की ही सीक्वल फिल्म में तृप्ति डिमरी को फिर से कास्ट किया गया है। इस फिल्म का नाम है एनिमल पार्क। फिल्म निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने अभी तक फिल्म को लेकर कुछ खास डिटेल्स साझा नहीं की है। फिल्म के रिलीज डेट और कलाकारों को लेकर खास खुलासे नहीं हुए हैं।



# जूनियर एनटीआर के बाद प्रभास के साथ हाथ मिलाएंगे कोरताला शिवा?

साउथ निर्देशक कोरताला शिवा इन दिनों देवरा के निर्माण में व्यस्त हैं। इस फिल्म में जूनियर एनटीआर मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं। आज फिल्म का प्री रिलीज इवेंट है, जिसके लिए प्रशंसक काफी उत्साहित हैं। कोरताला शिवा और जूनियर एनटीआर फिल्म के प्रचार में जोर शोर से लगे हुए हैं। ऐसे में कोरताला शिवा पर देवरा का अगला भाग बनाने की भी जिम्मेदारियां हैं। इस बीच अब उनकी नई फिल्म को लेकर जानकारी सामने आई है, जो पैन इंडिया स्टार के साथ होने की उम्मीद है। दरअसल, कोरताला शिवा की देवरा दो भागों में रिलीज होने वाली है। पहली फिल्म पुरी हो चुके हैं और अगले हफ्ते रिलीज के लिए तैयार है। वहीं, इसकी रिलीज के साथ ही देवरा पार्ट 2 पर भी काम शुरू हो जाएगा। वहीं, अब खबर है कि कोरताला शिवा अब देवरा के सीक्वल के बाद एक और कहानी लिख रहे हैं, जो उन्होंने साउथ सुपरस्टार प्रभास को सुनाएंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, कोरताला शिवा अब प्रभास के लिए एक स्क्रिप्ट तैयार कर रहे हैं। दोनों ने पहले ही मिर्ची फिल्म के लिए काम किया था, जो एक बड़ी हिट थी। इस फिल्म में अनुष्का शेट्टी भी प्रभास के साथ मुख्य भूमिका में नजर आई थीं। वहीं, अब अगर ये खबरें सच साबित होती हैं तो यह दूसरी बार होगा, जब कोरताला शिवा और प्रभास दूसरी बार साथ काम करेंगे। हालांकि, इस बारे में निर्माताओं और प्रभास की ओर से आधिकारिक घोषणा का इंतजार है। खबर है कि कोरताला शिवा देवरा 2 पर काम खत्म करने के बाद प्रभास को अपनी नई फिल्म में निर्देशित करेंगे। वहीं, दूसरी ओर चर्चा यह है कि प्रभास के पास भी कई फिल्में कतार में हैं, अब देखना यह होगा कि वे फिल्म पर कब काम करेंगे। वहीं, बात करें देवरा की तो यह जूनियर एनटीआर की 30वीं फिल्म भी है। रिपोर्ट्स के अनुसार, अभिनेता इस फिल्म में पिता और पुत्र दोनों का किरदार पर्दे पर निभाएंगे। फिल्म में जान्हवी कपूर, सैफ अली खान के साथ राम्या कृष्णा, प्रकाश राज, श्रीकांत, श्रुति मराठे, नारायण, शाइन टॉम चाको, कलैयारासन, अभिमायु सिंह जैसे अन्य कलाकार भी होंगे। देवरा का निर्माण युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा किया गया है। संगीत रचना अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा की गई है। यह फिल्म 27 सितंबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# युद्रा में अपने किरदार से मानसिक रूप से प्रभावित हुए थे राघव

सिद्धांत चतुर्वेदी, मालविका मोहनन और राघव जुयाल की युद्रा बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हो चुकी है। रवि उद्यावर की फिल्म में राघव को नकारात्मक रोल में देखा गया। राघव अपने किरदार से प्रशंसकों के दिलों में राज करते हैं, लेकिन अपने इस रोल से राघव खुद भी काफी प्रभावित हो गए थे। इस फिल्म को लेकर राघव ने हाल ही में बातचीत के दौरान बताया कि नकारात्मक रोल निभाना किस तरह से मनोवैज्ञानिक तरीके से प्रभाव डालता है। उनके इस बदलाव से उनका परिवार चिंतित हो गया।

## किरदार के लिए कंफर्ट जोन से आए बाहर

राघव ने कहा, वे अपने इस किरदार के लिए कंफर्ट जोन के बाहर आए और अपनी सीमाओं से बढ़कर रोल निभाया है। वे एक ऐसा किरदार निभा रहे थे, जो उनके व्यक्तित्व से बहुत अलग था। राघव ने कहा, मैंने महसूस किया कि कई बार पैकअप के बाद मैं बेचैन हो जाता था। शूटिंग पूरी होने के बाद मुझे एहसास हुआ कि इस किरदार ने मुझे मानसिक रूप से प्रभावित किया है।मुझे महसूस हुआ कि मुझे खुद को समय देकर आराम करना चाहिए।

